# प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / रितेश कपूर /

मुख्य समाचार''

- प्रदेश में पंचायती राज चुनाव के दूसरे चरण का मतदान संपन्न–80 प्रतिशत रहा मतदान।

- पंचायती राज संस्थाओं के तीसरे चरण का मतदान कल 30 मई को–एक हजार एक सौ 87 पंचायतों में डाले जाएंगे वोट।

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सूक्खू ने शिक्षा विभाग को राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूलों की स्थापना में तेजी लाने के दिए निर्देश।

- चंबा जिला में नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत की जा रही कड़ी कारवाई।

- प्रदेश में भीष्ण गर्मी का दौर जारी– मौसम विभाग ने आज कई जिलो में बारिश, अंधड और ओलावृष्टि का ऑरेंज अर्लट जारी किया।

मतदान प्रतिशत

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के दूसरे चरण का चुनाव कल संपन्न हो गया। इस दौरान मतदान 80 प्रतिशत रहा। प्रदेश में अब तक हुए पंचायतीराज चुनावों में ये सर्वाधिक मतदान है। दूसरे चरण के तहत प्रदेश की कुल एक हजार 2 सौ 79 पंचायतों में वोट डाले गए।

**अधिक ब्यौरे के साथ हमारी सहयोगी**

**पंचायती राज चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेशभर में मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। खासकर बुजुर्ग मतदाताओं और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में जोरदार उत्साह दिखाया। इस दौरान कुल्लू जिला में सर्वाधिक 86 प्रतिशत जबकि सबसे कम लाहौल स्पिति में मतदान दर्ज किया गया। पहले चरण की तरह दूसरे चरण में भी मतदान में महिलाओं की भागीदारी अधिक रही। कुल्लू जिला में सर्वाधिक महिला मतदान दर्ज किया गया जो लगभग 86 प्रतिशत रहा। पंचायत स्तर पर सोलन जिला के नालागढ़ के ढेला पंचायत में सबसे अधिक 96 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। 9 जिलों में महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत पुरूष मतदाताओं से ज्यादा रहा। यह मतदान प्रतिशत वर्ष 2021 के चुनाव के दूसरे चरण की तुलना में चार प्रतिशत अधिक रहा। प्रादेशिक समाचारों के लिए समाचार कक्ष से मैं पूनम भारद्वाज।**

तीसरा चरण

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के लिए 30 मई को होने वाले मतदान के लिए सक्रिय चुनाव प्रचार कल समाप्त हो गया। इसके बाद अब उम्मीदावार घर–घर जाकर व्यक्तिगत रूप से मतदाताओं से वोट मांग कर अपनी–अपनी जीत पक्की करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश में तीसरे चरण में एक हजार एक सौ 87 पंचायतों में प्रधान, उप प्रधान और सरपंचों का चयन होगा। इस दौरान इन पंचायतों में जिला परिषद और पंचायत समिति के सदस्यों के लिए भी वोट डाले जाएंगे। जिला परिषद पंचायत समितियों और चार नगर निगमों सोलन, मंडी, पालमपुर और धर्मशाला के वोटों की गिनती 31 मई को होगी और इसी दिन चुनाव परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिक्षा विभाग को राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूलों की स्थापना में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने शिमला में कहा कि सरकार प्रत्येक विधानसभा में कम से कम एक ऐसा स्कूल स्थापित करने का प्रयास कर रही है जिससे दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। इन स्कूलों में प्री प्राईमरी कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक समग्र शिक्षा प्रदान की जाएगी और इनमें स्मार्ट कक्षाएं, खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम, स्विमिंगपूल और अन्य आधुनिक सुविधाओं सहित आधारभूत ढांचा उपलब्ध करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा ये पहल राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूत करने के लिए किए जा रहे सुधारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार बड़े पैमाने में शिक्षकों के पद भर रही है ताकि इनकी कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

## मादक द्रव्य

चम्बा जिले में नशे एवं नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। नशीली दवाओं, मादक द्रव्यों की रोकथाम तथा उनकी धरपकड़ हेतु कार्यतंत्र को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रशासन ने आवश्यक पग उठाए हैं। वहीं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने–अपने कार्यक्षेत्र में, विशेष रूप से स्कूलों और कॉलेजों में चिट्टा एवं अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाएं।

**डिस्पैच–विकास ठाकुर**

## नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नडडा का कल 30 मई को हिमाचल दौरे पर रहने का कार्यक्रम है। इस दौरान वे बिलासपुर जिला के विजयपुर में पंचायत चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर ने बताया कि नड्डा राजकीय प्राथमिक पाठशाला विजयपुर स्थित अपने बूथ पर परिवार सहित मतदान करेंगे। कल पंचायती राज संस्थाओं के तीसरे और आखिरी चरण का मतदान होगा। यह चुनाव सुबह सात बजे शुरू होगा जो दोपहर बाद तीन बजे तक चलेगा।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने के आखिरी रविवार यानि 31 मई को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी के द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी मौसम साफ बना हुआ है। प्रदेश में भीषण गर्मी का दौरा जारी है। खासकर राज्य के मैदानी जिलों ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगडा, सोलन और सिरमौर के अलग–अलग स्थानों पर लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिलो में बारिश, अंधड़ और ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जबकि अन्य जिलो में येलो अलर्ट जारी किया है।

## गोबिंद सागर

गोबिंद सागर और कोल डेम जलाशयों में 16 जून से 15 अगस्त तक मछलियों के पकडने पर पूरी तरह से रोक रहेगी। मत्स्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस दौरान मछली का शिकार करने की अनुमति नहीं होगी। विभाग के अनुसार प्रतिबंध का उद्देश्य मछलियों की प्राकृतिक प्रजनन प्रक्रिया को सुरक्षित रखना और जलाशयों में मत्स्य उत्पादन को बढावा देना है।

## ग्रीष्मोत्सव

शिमला के गेयटी थियेटर में 8 से 12 जून तक अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव 2026 के तहत रंग मंच उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त जिला शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि यह आयोजन हिमाचल की सांस्कृतिक विरासत, लोक कला और रंगमंच परंपरा को बढावा देने का महत्वपूर्ण मंच बनेगा। उन्होंने लोगों से बडी संख्या में कार्यक्रम मं शामिल होने की अपील की है।

## अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने कल हुए मतदान से जुडी खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है– **दूसरे चरण में रिकार्ड 80 प्रतिशत मतदान 1276 पंचायतों में चुने गए जनप्रतिनिधि**

दैनिक भास्कर, पंजाब केसरी और दिव्य हिमाचल की एक जैसी सुर्खी है– **पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में 80 प्रतिशत मतदान, कुल्लू में सबसे ज्यादा 86 प्रतिशत**

दैनिक जागरण के शब्द है– **बादलों की छांव में मतदान के लिए उत्साह।**

हिमाचल दस्तक की एक खबर है– **पहली जून से फिर शुरू होगा भारत चीन बार्डर ट्रेड, शिपकी ला दर्रे के माध्यम से पुनर्जीवित होगा सीमा व्यापार**

मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है– **गर्मी से राहत आज से बारिश ओलावृष्टि के साथ तेज तूफान चलने की चेतावनी ।**

---